# रेलवे भर्ती सेल
# पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर
# खेल-कूद कोटा के अन्तर्गत भर्ती वर्ष 2024-25 के भर्ती के लिए

रोजगार सूचना सं0-एनईआर/आरआरसी/एसक्यू/2024-25 दिनांक- 10.10.2024

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि व समय** | **15-10-2024 10.00 बजे** |
| **ऑनलाइन आवेदन समाप्त होने की तिथि व समय** | **14-11-2024 18.00 बजे** |

खेल-कूद कोटा के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 के लिए पूर्वोत्तर रेलवे में लेवल - 2/3/4/5 (ग्रुप 'C') एवं लेवल -1 (पूर्ववर्ती ग्रुप-डी) के पदो पर खुले विज्ञापन के द्वारा नीचे दिये गये पदों पर भर्ती हेतु तथा पैरा-2 में उल्लिखित खेल-कूद की निर्धारित अर्हता रखने वाले भारत के पात्र नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

**पदों का विवरणः-**

| क्र0 सं0 | खेल का नाम | ग्रुप 'सी', पी.बी.-1, रु0 5200-20200 | | पूर्ववर्ती ग्रुप "डी" | कुल पद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | छठें वेतन आयोग का ग्रेड पे 2400/2800 (7वें वेतन आयोग का लेवल-4/5) | छठें वेतन आयोग का ग्रेड पे 1900/2000 (7वें वेतन आयोग का लेवल-2/3) | छठें वेतन आयोग का ग्रेड पे 1800 (7वें वेतन आयोग का लेवल-1) | |
| | | प्लेइंग पोजीशन/भार वर्ग एवं पदों की संख्या | प्लेइंग पोजीशन/भार वर्ग एवं पदों की संख्या | प्लेइंग पोजीशन, भार वर्ग एवं पदों की संख्या | |
| 01 | एथलेटिक्स (पुरूष) | 800 मी० दौड़ - 01 पद | - | जैवेलिन थ्रो - 01 पद<br>20 किमी० वॉक रेस – 01 पद | 03 |
| 02 | एथलेटिक्स (महिला) | - | 3000 मी० स्टीपल चेज़ - 01 पद | - | 01 |
| 03 | कुश्ती (पुरूष) | 77 किग्रा० ग्रीको रोमन - 01 पद | 82 किग्रा० ग्रीको रोमन - 01 पद | 57 किग्रा० फ्री स्टाइल – 01 पद | 03 |
| 04 | हैंडबॉल (पुरुष) | - | सेण्टर बैक – 01 पद | गोलकीपर – 01 पद<br>लेफ्ट विंग – 01 पद | 03 |
| 05 | हैण्डबॉल (महिला) | - | सेण्टर बैक – 01 पद | लेफ्ट विंग – 01 पद<br>राईट विंग – 01 पद | 03 |
| 06 | कबड्डी (पुरूष) | लेफ्ट कवर - 01 पद | लेफ्ट रेडर – 01 पद | - | 02 |
| 6(क) | कबड्डी (महिला) | - | - | लेफ्ट कवर – 01 पद<br>राईट कार्नर – 01 पद<br>लेफ्ट कॉर्नर – 01 पद | 03 |
| 07 | क्रिकेट (पुरूष) | - | लेफ्ट हैण्ड बैट्समैन – 01 पद | लेफ्ट हैण्ड बैट्समैन – 01 पद | 02 |
| 08 | वॉलीबाल (पुरुष) | यूनिवर्सल अटैकर – 01 पद | सेन्टर ब्लॉकर – 01 पद | - | 02 |
| 09 | वॉलीबाल (महिला) | - | काउंटर अटैकर- 01 पद | सेंटर ब्लाकर – 01 पद<br>काउन्टर अटैकर-01 पद | 03 |
| 10 | हॉकी (पुरूष) | - | फुलबैक – 01 पद | गोलकीपर – 01 पद | 02 |
| 11 | हॉकी (महिला) | - | मिड फील्डर - 01 पद | फॉरवर्ड - 01 पद<br>मिड फील्डर - 01 पद | 03 |
| 12 | फुटबॉल (पुरूष) | - | - | गोलकीपर – 01 पद<br>डिफेन्डर – 01 पद<br>हाफ - 01 पद<br>फॉरवर्ड- 01 पद | 04 |
| 13 | बैडमिन्टन (पुरूष) | - | सिंगल्स - 01 पद | सिंगल्स - 01 पद | 02 |
| 14 | बैडमिन्टन (महिला) | - | सिंगल्स - 01 पद | - | 01 |
| 15 | वेटलिफ्टिंग (पुरूष) | - | 89 किग्रा० - 01 पद | 109 किग्रा० - 01 पद | 02 |
| 16 | वेटलिफ्टिंग(महिला) | - | 59 किग्रा० - 01 पद | 71 किग्रा० - 01 पद | 02 |
| 17 | बास्केटबाल (पुरूष) | - | आल राउंडर - 01 पद | सेन्टर – 01 पद | 02 |
| 18 | बास्केटबाल (महिला) | - | फॉरवर्ड - 01 पद | फॉरवर्ड- 01 पद | 02 |
| 19 | बॉक्सिंग (पुरुष) | 57 किग्रा० भार वर्ग – 01 पद | - | - | 01 |
| 20 | बॉक्सिंग (महिला) | - | - | 50 किग्रा० भार वर्ग – 01 पद<br>52 किग्रा० भार वर्ग – 01 पद<br>75 किग्रा० भार वर्ग – 01 पद | 03 |
| **कुल पदों की संख्या** | | **05** | **16** | **28** | **49** |

**टिप्पणी:- (क)** किसी समुदाय विशेष के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है।

**(ख)** ग्रेड पे 1900/2000 की खेल-कूद अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी भी ग्रेड पे 2400/2800 के पदों के विरूद्ध आवेदन कर सकते हैं। यदि ग्रेड पे 2400/2800 के लिए कोई भी अभ्यर्थी उपयुक्त नहीं पाया जाता है तो ग्रेड पे 1900/2000 के अभ्यर्थियों पर इन पदों हेतु विचार किया जाएगा। परन्तु इनकी भर्ती ग्रेड-पे 1900/2000 में की जाएगी।

**(ग)** ग्रुप-सी पदों पर भर्ती जोनल स्तर पर (संपूर्ण पूर्वोत्तर रेलवे के लिए) होगी। लेवल-1 (पूर्ववर्ती ग्रुप–डी) के पदों पर भर्ती पूर्वोत्तर रेलवे के सभी मंडलों, यांत्रिक कारखाना /गोरखपुर तथा मुख्यालय गोरखपुर के लिए होगी जिसका विवरण निम्नवत है –

| क्रम सं० | मंडल / इकाई | खेल का नाम | प्लेइंग पोजीशन/भार वर्ग | पदों की संख्या | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यांत्रिक कारखाना / गोरखपुर | फुटबॉल (पुरुष) | डिफेन्डर – 01 पद, हाफ - 01 पद, फॉरवर्ड- 01 पद | 03 | 03 |
| 2 | इज्जतनगर मंडल | वॉलीबाल(महिला) | सेंटर ब्लाकर – 01 पद, काउन्टर अटैकर-01 पद | 02 | 05 |
| | | बॉक्सिंग (महिला) | 50 किग्रा० भार वर्ग – 01 पद, 52 किग्रा० भार वर्ग – 01 पद, 75 किग्रा० भार वर्ग – 01 पद | 03 | |
| 3 | लखनऊ मंडल | कुश्ती (पुरूष) | 57 किग्रा० फ्री स्टाइल – 01 पद | 01 | 05 |
| | | क्रिकेट (पुरुष) | लेफ्ट हैण्ड बैट्समैन / स्पिनर – 01 पद | 01 | |
| | | बैडमिंटन (पुरुष) | सिंगल्स - 01 पद | 01 | |
| | | वेटलिफ्टिंग (पुरुष) | 109 किग्रा० - 01 पद | 01 | |
| | | वेटलिफ्टिंग (महिला) | 71 किग्रा० - 01 पद | 01 | |
| 4 | वाराणसी मंडल | कबड्डी (महिला) | लेफ्ट कवर – 01 पद, राईट कार्नर – 01 पद, लेफ्ट कॉर्नर – 01 पद | 03 | 05 |
| | | हॉकी (पुरुष) | गोलकीपर – 01 पद | 01 | |
| | | बास्केटबॉल (महिला) | फॉरवर्ड- 01 पद | 01 | |
| 5 | मुख्यालय/गोरखपुर | एथलेटिक्स (पुरुष) | जैवेलिन थ्रो - 01 पद, 20 किमी० वॉक रेस – 01 पद | 02 | 10 |
| | | हैंडबॉल (पुरुष) | गोलकीपर – 01 पद, लेफ्ट विंग – 01 पद | 02 | |
| | | हैंडबॉल (महिला) | लेफ्ट विंग – 01 पद, राईट विंग – 01 पद | 02 | |
| | | हॉकी (महिला) | फॉरवर्ड - 01 पद, मिड फील्डर - 01 पद | 02 | |
| | | फुटबाल (पुरुष) | गोलकीपर – 01 पद | 01 | |
| | | बास्केटबॉल (पुरुष) | सेन्टर – 01 पद | 01 | |

**(घ)** ग्रुप-सी के पदों पर भर्ती किए गए अभ्यर्थियों की नियुक्ति एवं पदस्थापना पूर्वोत्तर रेलवे में कहीं भी की जा सकती है। लेवल-1(पूर्ववर्ती ग्रुप-डी) के पदों पर भर्ती के उपरांत अभ्यर्थियों की नियुक्ति/पदस्थापना उनके द्वारा चुने गए प्लेइंग पोजीशन के लिए निर्धारित मंडल (इज्जतनगर मंडल, लखनऊ मंडल अथवा वाराणसी मंडल)/मुख्यालय,गोरखपुर/यांत्रिक कारखाना,गोरखपुर में की जाएगी।

**2) भर्ती के लिए खेल कूद मानक:**

**(2.1)** टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए विभिन्न ग्रेड पे और पे बैण्ड में खुले विज्ञापन के माध्यम से खेल-कूद कोटा के अन्तर्गत खिलाड़ियों की भर्ती हेतु न्यूनतम खेलकूद मानक निम्नवत है| इन्हें पैरा के नीचे दिए गए नोट के साथ पढ़ा जाय :-

| क्र. सं. | पे बैण्ड | वेतनमान | ग्रेड पे | भर्ती के न्यूनतम खेलकूद मानक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पी.बी.-1 | 5200-20200 | 2400 (लेवल-4) अथवा 2800 (लेवल- 5) | कोटि-बी में दी गयी किसी भी स्पर्धा/प्रतियोगिता में कम से कम तीसरा स्थान हासिल किया हो। |
| 2 | पी.बी.-1 | 5200-20200 | 1900 (लेवल-2) अथवा 2000 (लेवल-3) | नीचे पैरा 2.2 कोटि-बी में दिये गये वर्गीकरण के अनुसार किसी भी स्पर्धा/प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया हो **अथवा** कोटि-सी की किसी भी प्रतियोगिता/स्पर्धा में कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो **अथवा** सीनियर/यूथ/जूनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो **अथवा** भारतीय ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो **अथवा** भातीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो **अथवा** फेडरेशन कप प्रतियोगिता (सीनियर वर्ग) में पहला स्थान प्राप्त किया हो। स्पर्धाओं/प्रतियोगिताओं का वर्गीकरण निम्नलिखित पैरा-2.2 में दिया गया है। |
| 3 | पी.बी.-1 | 5200-20200 | 1800 (लेवल - 1 ) | कोटि- 'सी' के किसी चैम्पियनशिप /स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व किया हो **अथवा** फेडरेशन कप चैम्पियनशिप (सीनियर वर्ग ) में कम से कम तीसरा स्थान प्राप्त किया हो **अथवा** मैराथन और क्रास कंट्री को छोड़कर, सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में राज्य **या** समकक्ष इकाई **का** प्रतिनिधित्व किया हो और कम से कम आठवां स्थान प्राप्त किया हो। |

**2.2 अन्तर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप/प्रतियोगिताओं का वर्गीकरण:-**

**कोटि-ए:** ओलम्पिक खेल (सीनियर)

**कोटि-बी:** विश्वकप(जूनियर/यूथ/सीनियर), विश्व चैम्पियनशिप(जूनियर/सीनियर), एशियाई खेल (सीनियर), कामनवेल्थ खेल (सीनियर),यूथ ओलम्पिक्स, डेविस कप(टेनिस), चैम्पियन्स ट्राफी(हॉकी), थामस/उबेर कप(बैडमिन्टन) .0.

**कोटि-सी:** कामनवेल्थ चैम्पियनशिप (जूनियर/सीनियर), एशियाई चैम्पियनशिप/एशिया कप (जूनियर/सीनियर), दक्षिण एशियाई फेडरेशन खेल (सीनियर), यू.एस.आई.सी.(विश्व रेलवे) चैम्पियनशिप(सीनियर), वर्ल्ड युनिवर्सिटी गेम्स।

**2.3 एथलेटिक्स में:** राष्ट्रीय अन्तर्राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में मेडल विजेता भी ग्रेड पे रु0-1900/2000, पे बैण्ड रु0 5200-20200 में भर्ती हेतु पात्र होंगे। ओपन नेशनल चैम्पियनशिप्स (सीनियर), इण्टर स्टेट चैम्पियनशिप्स (सीनियर) में स्वर्ण पदक विजेता भी ग्रेड पे 2400/2800 में भर्ती हेतु पात्र होंगे।

**2.4 बैडमिंटन मे:** खिलाड़ियों को निम्नलिखित मानदंड के अनुसार विभिन्न ग्रेड पे में उनकी मौजूदा वार्षिक आल इंडिया रैकिंग आधार पर भर्ती के लिये विचार किया जायेगा -

| **पे बैंड** | **ग्रेड पे** | **वेतनमान** | **भर्ती के न्यूनतम खेलकूद मानक** | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **आयु कोटि** | **इवेंट** | **मौजूदा वार्षिक आल इंडिया रैकिंग** |
| **पीबी-1** | 2800 अथवा 2400 | 5200-20200 | सीनियर्स | सिंगल्स | आठवे स्थान तक |
| **पीबी-1** | 2000 अथवा 1900 | | सिनियर्स | सिंगल्स | बीसवे स्थान तक |
| | | | | डबल्स | चोथे स्थान तक |
| | | | यूथ | सिंगल्स | छठवे स्थान तक |
| | | | जूनियर्स | सिंगल्स | छठवे स्थान तक |
| **पीबी-1** | 1800 | 5200-20200 | सिनियर्स | सिंगल्स | तीसवे स्थान तक |
| | | | | डबल्स | छठवे स्थान तक |

इस प्रयोजन के लिए केवल मौजूदा वार्षिक आल इंडिया रैकिंग के बारे में विचार किया जायेगा, भर्ती के प्रयोजन के लिए उच्चतम रैंकिंग केवल एक वर्ष के लिए वैध होगी । मिक्स- डबल्स में भी रैकिंग के बारे में विचार किया जायेगा ।

| **ग्रेड पे** | **इवेंट** | | **मौजूदा वार्षिक वर्ल्ड रैंकिंग** |
|---|---|---|---|
| 2800/2400 | सीनियर | सिंगल्स | पचासवें स्थान तक |
| | जूनियर | सिंगल्स | तीसवें स्थान तक |
| 2000/1900 | सीनियर | सिंगल्स | सत्तरवें स्थान तक |
| | जूनियर | सिंगल्स | पचासवें स्थान तक |

**2.5 क्रिकेट में:** निम्नलिखित उपलब्धियाँ भी भर्ती के लिए निम्न प्रकार विचारणीय होंगे-

**(क)** ग्रेड पे रु0-1900/2000 (लेवल 2/3) –

**(i)** सीनियर/यू-23/यू-19 ऑल इण्डिया इण्टर स्टेट ग्रुप चैम्पियनशिप (प्लेट ग्रुप को छोडकर) **अथवा**

**(ii)** सीनियर/यू-23/यू-19 ऑल इण्डिया इण्टर-जोनल चैम्पियनशिप में प्रतिभागिता **अथवा**

**(iii)** सीनियर/यू-23/यू-19 चैलेंजर ट्राफी में प्रतिभागिता।

**(ख)** सीनियर/यू-23/यू-19 ऑल इण्डिया इण्टर स्टेट चैम्पियनशिप (प्लेट ग्रुप को छोडकर) में प्री-क्वार्टर फाइनलिस्ट।

| **क्र.सं.** | **चैम्पियनशिप का ब्यौरा** | **कोटि** | **ग्रेड पे रु0-1900/2000 में भर्ती के लिए न्यूनतम खेलकूद की उपलब्धियाँ** |
|---|---|---|---|
| **1** | ऑल इंडिया इन्टर स्टेट एलीट एण्ड प्लेट ग्रुप चैम्पियनशिप | सीनियर/यूथ (यू-22)/ जूनियर (यू-19) | एलीट अथवा प्लेट ग्रुप चैम्पियनशिप के सेमिफाइनल में भाग लेने वाला |
| **2** | ऑल इंडिया इन्टर स्टेट चैम्पियनशिप | सीनियर/जूनियर (यू-19) | ऑल इंडिया नॉक आउट स्टेज के सेमिफाइनल में भाग लेने वाला |
| **3** | ऑल इंडिया इन्टर जोनल चैम्पियनशिप | सीनियर/जूनियर (यू-19) | फाइनल में भाग लेने वाला |

**2.6 हॉकी (पुरूष) में-(1)** पे बैण्ड रु 5200-20200 में ग्रेड पे 1900/2000 में भर्ती के लिए 04 या इससे अधिक राष्ट्रो के अन्तर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट(सीनियर अथवा जूनियर) में भाग लिए अभ्यर्थी भर्ती के लिए पात्र होंगे। ''हॉकी इंडिया'' मान्यता प्राप्त नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन के रूप में मान्य होगा।

**(2)** पे बैण्ड रु 5200-20200 में ग्रेड पे 1900/2000 वाले पदों पर भर्ती के लिए सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में भाग लेने वाले अभ्यर्थी भर्ती के लिए पात्र होंगे।

**2.7 हॉकी (महिला) में-** 04 या इससे अधिक राष्ट्रो के अन्तर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में कम से कम द्वितीय स्थान प्राप्त अभ्यर्थी भी ग्रेड पे रु0-1900 अथवा रु0-2000 पीबी-1 रु0-5200-20200 में भर्ती हेतु पात्र होंगे। इन टूर्नामेंटो में भाग लेने वाले कि पे बेंड 5200-20200 में ग्रेड पे 1800 वाले पदों पर भर्ती के लिए विचार किया जा सकता हैं|

**टिप्पणीः-(क)** खेलकूद कोटा के अन्तर्गत सभी नियुक्तियाँ वेतनमान के न्यूनतम वेतन पर होगी।

**(ख)** उपर्युक्त सभी चैम्पियनशिप प्रतियोगितायें मान्यता प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य खेलकूद संघो के तत्वावधान में आयोजित होनी चाहिए और आर.एस.पी.बी. द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए। (घ) जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में हासिल उपलब्धियों के आधार पर नियुक्ति हेतु निम्नलिखित आयु वर्ग के खिलाड़ियों पर विचार किया जाएगा।

भारतीय रेलवे पर खेलकूद कोटा के अन्तर्गत भर्ती हेतु आर.एस.पी.बी. द्वारा मान्यता प्राप्त जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की सूचीः

| क. सं. | खेल का नाम | कोटि | मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय जूनियर चैम्पियनशिप का विवरण | |
|---|---|---|---|---|
| | | | आयु वर्ग | चैम्पियनशिप का नाम |
| 1 | एथलेटिक्स | पुरुष वर्ग | अन्डर–20 | जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप |
| | | महिला वर्ग | अन्डर–20 | जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप |
| 2 | बैडमिंटन | पुरुष वर्ग | अन्डर–19 | जूनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप |
| | | महिला वर्ग | अन्डर–19 | जूनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप |
| 3 | बास्केटबाल | पुरुष वर्ग | अन्डर–18 | जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबाल चैम्पियनशिप |
| | | महिला वर्ग | अन्डर–18 | जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबाल चैम्पियनशिप |
| 4 | बॉक्सिंग | पुरुष वर्ग | अन्डर–16 | जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप |
| | | महिला वर्ग | अन्डर–16 | जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप |
| 5 | क्रिकेट | पुरुष वर्ग | अन्डर–23 | कर्नल सी.के. नायडू ट्राफी (अंतर्राज्यीय चैम्पियनशिप) |
| | | | अन्डर–19 | कूच बिहार ट्राफी (अंतर्राज्यीय चैम्पियनशिप) |
| | | | अन्डर–19 | वीनू मांकड़ ट्राफी (एक दिवसीय सीमित ओवर अन्तर्राज्यीय चैम्पियनशिप) |
| | | | अन्डर–19 | विजय हजारे ट्राफी (एक दिवसीय सीमित ओवर अखिल भारतीय अन्तर जोनल चैम्पियनशिप) |
| 6 | फुटबॉल | पुरुष वर्ग | अन्डर–19 | जूनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप बी.सी. रॉय ट्रॉफी के लिए |
| 7 | हैण्डबाल | पुरुष वर्ग | अन्डर–19 | जूनियर राष्ट्रीय हैण्डबाल चैम्पियनशिप |
| | | महिला वर्ग | अन्डर–19 | जूनियर राष्ट्रीय हैण्डबाल चैम्पियनशिप |
| 8 | हॉकी | पुरुष वर्ग | अन्डर–21 | जूनियर(अन्डर–21) राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप |
| | | महिला वर्ग | अन्डर–19 | जूनियर राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनभाप |
| 9 | कबड्डी | पुरुष वर्ग | अन्डर–19 | जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशिप |
| | | महिला वर्ग | अन्डर–19 | जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशिप |
| 10 | वॉलीबाल | पुरुष वर्ग | अन्डर–19 | जूनियर राष्ट्रीय वॉलीबाल चैम्पियनशिप |
| | | महिला वर्ग | अन्डर–19 | जूनियर राष्ट्रीय वॉलीबाल चैम्पियनशिप |
| 11 | वेटलिफ्टिंग | पुरुष वर्ग | अन्डर–20 | जूनियर राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप |
| 12 | कुश्ती (फ्री स्टाइल ग्रीको रोमन) | पुरुष वर्ग | अन्डर–20 | जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप |

**(3) न्यूनतम शैक्षिक योग्यता :**

(**क**) **ग्रेड पे 1800 वाले पदों के लिए**:- **सिविल इंजीनियरिंग, यॉंत्रिक, विद्युत तथा सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग हेतु:** 10वीं उत्तीर्ण के साथ एनसीवीटी द्वारा जारी नेशनल अप्रेंटिसशिप सर्टिफिकेट (एनएसी) अथवा 10वीं उत्तीर्ण के साथ आईटीआई। **अन्य पदों के लिए:** मैट्रिकुलेशन (10वीं उत्तीर्ण) अथवा आईटीआई अथवा समकक्ष अथवा एनसीवीटी द्वारा जारी नेशनल अप्रेंटिसशिप सर्टिफिकेट (एनएसी)।

**(ख) ग्रेड पे रु0–1900 / 2000 के पदों हेतु** 10+2 अथवा समकक्ष। **(ग) ग्रेड पे रु0–2400 (तकनीकी) पद हेतु** गणित या भौतिकी विषय के साथ 10+2 अथवा समकक्ष। **(घ) ग्रेड पे रु0–2800 के पदों हेतु** किसी विश्वविद्यालय की डिग्री या समकक्ष।

**(4) आयु** : 01.01.2025 को 18 वर्ष से 25 वर्ष। आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी जायेगी।

**(5) खेलकूद उपलब्धियों की मान्य अवधि** : अभ्यर्थी की पात्रता की दृष्टि से वर्तमान और पिछले दो वित्त वर्षों की खेलकूद उपलब्धियों पर ही विचार किया जायेगा अतः दिनांक 01.04.2022 **को** या उसके बाद की खेलकूद उपलब्धियॉं ही मान्य होंगी।

**(6) आवेदन कैसे करें**: ऑन लाइन आवेदन हेतु लिंक पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पूर्व रोजगार सूचना में दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लेना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन करते समय वेबपेज पर दी गयी क्रमवार प्रकिया का अनुपालन किया जाना चाहिए। सभी वांछित खाने सावधानी पूर्वक भरे जाने चाहिए। अभ्यर्थी आवेदन करते समय अपने अद्यतन फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर की स्कैन की हुई प्रतियाँ अवश्य अपलोड करें।

**(7) परीक्षा शुल्क** :

| | | |
|---|---|---|
| अजा, अजजा, भू.पू. सैनिक, विकलांग, महिला, अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु | रु0 250 | ट्रायल में वास्तविक रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों को रु0 250 वापस कर दिया जाएगा। |
| अन्य सभी अभ्यर्थियों हेतु | रु0 500 | ट्रायल में वास्तविक रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों को रु 400 वापस कर दिया जाएगा। |

ऑनलाईन आवेदन के वेबपेज पर दिये गये निर्देश के अनुसार निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा किया जाना चाहिए। निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरान्त अभ्यर्थी पुनः लॉगिन कर अपने आवेदन पत्र की एक प्रति अवश्य प्रिन्ट कर लें।

**(8) भर्ती प्रक्रिया**: खेलकूद ट्रायल, खेलकूद एवं शैक्षिक उपलब्धियों के मूल्यांकन के आधार पर भर्ती की जायेगी।

(9) **भर्ती की सामान्य शर्ते** : (i) आवेदन करने के पूर्व अभ्यर्थी को सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि वह सभी योग्यता शर्तों को पूरा करता है/करती है। (ii) किसी खेल/स्पर्धा में खेली गयी विशेष पोजीशन आवेदन पत्र पर दिये गये स्थान में अवश्य भरें। (iii) आवेदन करने की तिथि के बाद अर्जित शैक्षिक अथवा खेलकूद उपलब्धियों पर विचार नहीं किया जायेगा। (iv) गलत सूचना देने अथवा तथ्यों को छुपाने का प्रयास करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य करार दिया जायेगा एवं उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जायेगी। धोखाधड़ी करने अथवा प्रतिरूपण का प्रयास करने वाले अभ्यर्थी को भविष्य में रेलवे के द्वारा आयोजित परीक्षाओं में शामिल होने से वंचित कर दिया जायेगा। (v) नियुक्ति के लिए विचारणीय अभ्यर्थियों को रेलवे द्वारा आयोजित निर्धारित चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण होना होगा। (vi) भर्ती के न्यूनतम मानकों को पूरा करने अथवा चयन होने एवं भर्ती के लिए अनुशंसा किए जाने मात्र से अभ्यर्थी को रेलवे में भर्ती का अधिकार प्राप्त नहीं होता है। (vii) अजा एवं अजजा समुदाय के अभ्यर्थियों को भर्ती के किसी चरण में बुलाये जाने पर उन्हें उनके द्वारा आवेदन पत्र में उल्लिखित निकटतम रेलवे स्टेशन से निःशुल्क द्वितीय श्रेणी यात्रा पास जारी किया जायेगा। (viii) खेलकूद कोटा के अन्तर्गत लिपिक श्रेणी में भर्ती कर्मियों को नियुक्ति की तिथि से चार वर्ष के अन्दर टाइपिंग की निर्धारित दक्षता परीक्षा पास करनी होगी। निर्धारित समयावधि में टाइपिंग अर्हता न अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को चार वर्ष बाद देय इन्क्रीमेंट नहीं दिये जायेंगे। (ix) अभ्यर्थी अति अल्प सूचना पर ट्रायल में भाग लेने हेतु तैयार रहें।

**नोट**:–(1) रोजगार सूचना के अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रकाशन में भिन्नता होने की स्थिति में अंग्रेजी प्रकाशन ही मान्य होगा। (2) अभ्यर्थी की पात्रता, आवेदन को स्वीकार करने या अस्वीकार करने, निःशुल्क रेल यात्रा पास जारी किये जाने, झूठी सूचना के लिए दण्ड, चयन के तरीके, ट्रायल के आयोजन, ट्रायल स्थल के आवंटन तथा भर्ती प्रक्रिया से सम्बंधित सभी मामलों में रेलवे भर्ती सेल, पूर्वोत्तर रेलवे का निर्णय अन्तिम और बाध्यकारी होगा तथा इस सम्बंध में किसी तरह की पूछताछ या पत्र–व्यवहार पर विचार नहीं किया जायेगा। (3) भर्ती प्रकिया के दौरान किसी प्रकार की चोट/क्षति के लिए रेलवे भर्ती सेल जिम्मेदार नहीं होगा। (4) इस रोजगार सूचना से सम्बंधित किसी प्रकार के विधिक मामले में सुनवाई का क्षेत्राधिकार केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण, इलाहाबाद होगा। (5) यह रोजगार सूचना पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट पर उपलबध है। अभ्यर्थियों को इस सम्बंध में अद्यतन जानकारी हेतु पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in को नियमित रूप से देखते रहने की सलाह दी जाती है।

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती सेल,
पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर